85(1)

# कार्यालय नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :- नपसी/बोर्ड शाखा/2016-17/1069-1136 दिनांक :- 20/2/2017

## बैठक कार्यवाही विवरण

नगर परिषद सीकर के मण्डल की साधारण सभा की बैठक का आयोजन परिषद सभागार में दिनांक 15/02/2017 को प्रातः 11:15 बजे जनाब जीवण खां, सभापति नगर परिषद सीकर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

1. श्री जीवण खां, सभापति
2. श्री अशोक चौधरी, उप सभापति
3. श्री शंकरलाल सैनी, पार्षद
4. श्री चांद खां मुगल, पार्षद
5. श्री बजरंग लाल पंवार, पार्षद
6. श्री योगेन्द्र कुमार, पार्षद
7. श्री मुस्ताक अहमद, पार्षद
8. श्री बलराम नायक, पार्षद
9. श्रीमती सुमित्रा देवी, पार्षद
10. श्री विनोद सैठी, पार्षद
11. श्री मोहम्मद मुस्ताक तंवर, पार्षद
12. श्री मुबारिक रंगरेज, पार्षद
13. श्रीमती रूबिना बानों, पार्षद
14. श्री मोहम्मद शाकीर, पार्षद
15. श्रीमति कंचन कुमावत, पार्षद
16. श्री रमजान बहलीम, पार्षद
17. श्रीमति रूचिका जोशी, पार्षद
18. श्रीमती बिमला कुमावत, पार्षद
19. श्री रामरतन कुमावत, पार्षद
20. श्री भागीरथमल सैनी, पार्षद
21. श्री आसीफ खोखर, पार्षद
22. श्रीमति सुमित्रादेवी माउका, पार्षद
23. श्री परमेश्वरलाल सैनी, पार्षद
24. श्री अशोक कुमार चौधरी, (नेता प्रतिपक्ष)
25. श्री सुल्तान सिंह, पार्षद
26. श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, पार्षद
27. श्री विश्वनाथ सैनी, पार्षद
28. श्री शुजाउदीन चौहान, पार्षद
29. श्रीमति सुबै दौलत, पार्षद
30. श्री महावीर प्रसाद शर्मा, पार्षद
31. श्री रविकान्त तिवाड़ी, पार्षद

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

32. श्रीमति नीतू तिवाड़ी, पार्षद
33. श्रीमती खतिजा बानों, पार्षद
34. श्रीमती सन्तोष शर्मा, पार्षद
35. श्री प्रेमचन्द सैनी, पार्षद
36. श्री सुरेश कुमार सैनी, पार्षद
37. श्रीमति पिंकी सैनी, पार्षद
38. श्री सरोज देवी, पार्षद
39. श्री सुल्तान सिंह, पार्षद
40. श्री सुनिल कुमार शर्मा, पार्षद
41. कु. सपना चौधरी, पार्षद
42. श्री महेश जाखड़, एडवोकेट, पार्षद
43. श्रीमति शारदा दानोदिया, पार्षद
44. श्री मो0 जावेद, पार्षद
45. श्रीमति आबिदा बानो, पार्षद
46. कुमारी रेश्मा वर्मा, पार्षद
47. श्रीमती परवीन बानों, पार्षद
48. श्री राजकुमार स्वामी, (मनोनित सदस्य)
49. श्री रामोतार सांखला, (मनोनित सदस्य)
50. श्री पवन गौड़, (मनोनित सदस्य)
51. श्री गोकुल प्रसाद माथुर, (मनोनित सदस्य)

सभापति महोदय द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए उपस्थित सभी पार्षद महानुभावों व सदन में उपस्थित मिडियाकर्मियों, शहर के गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों/कर्मचारियों का स्वागत किया गया व बजट मिटिंग का सीधा प्रसारण करने हेतु राजस्थान पत्रिका को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया व मण्डल बैठक को शान्तिपूर्ण तरीके से संचालित करने की अपेक्षा करते हुए बैठक में प्रस्तावों को क्रमवार विचारार्थ सदन के समक्ष रखा गया, जो निम्नानुसार पारित किये गये :–

सभा की कार्यवाही शुरू करने से पहले सभापति महोदय द्वारा सदन को सम्बोधित किया कि माननीया जयललिता मुख्यमंत्री तमिलनाडु, पूर्व विधायक श्री मोहनलाल मोदी नीमकाथाना व श्री जगदीश भाखर फायरमैन परिषद कर्मचारी के आकस्मिक निधन पर सदन गहरा शोक व्यक्त करता है एवं 2 मिनट का मौन रखने हेतु कहा गया। उपस्थित सभी महानुभावों एवं गणमान्य व्यक्तियों तथा परिषद के सभी अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मिक शांति के लिये प्रार्थना की। तत्पश्चात् बैठक कार्यवाही शुरू करते हुए सभापति महोदय द्वारा सदन को सम्बोधित शेर पढ़ा कि –

**इतनी मेहरबानी मेरे ईश्वर बनाए रखना ।**
**जो रास्ता सही हो उसी पर चलाये रखना ।।**
**न दिल दुखे किसी का मेरे शब्दों से।**
**इतना रहम तू मेरे ईश्वर, मुझ पे बनाए रखना।।**

बिन्दु संख्या 11 – होर्डिंग्स पोल कियोस्क की प्रति वर्गफुट दर डीएलसी के आधार पर मुल्य निर्धारण किये जाने पर विचार :–

सभापति महोदय द्वारा प्रस्ताव सदन के समक्ष रखते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में सईटों का मुल्य निर्धारण का कोई भी आधार नही होने के कारण DLC के आधार पर मूल्य निर्धारण किया जाना उचित होगा, जिससे नगर परिषद की आय/राजस्व में वृद्धि की जा सके। अतः विद्युत पोल कियोस्क एवं होर्डिंग की दर स्वीकृति करने के संबंध में पोल कियोस्क विज्ञापन/पोस्टर एवं होर्डिंग/साईन बोर्ड आदि की दरें विज्ञापन करने हेतु डी.एल.सी. के आधार पर निम्नानुसार निर्धारित की जानी हैं :–

## Poll Kiosk Site Year 2017-18

| S.No. | ALLOTED LOCATION | Per Poll Kiosk size in Sq. feet (Two Side) | No. of Poll | Last year base price | Present base price based on DLC Rs | Present DLC Rate Rs. | Price of site based on present base price (Proposed) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कल्याण सर्किल से बजरंग कांटा | 2X3X2 | 41 | 351 | 674 | 71910 | 331608 |
| 2 | कल्याण सर्किल से स्टेशन | 2X3X2 | 2 | 351 | 651 | 67910 | 15624 |
| 3 | बजरंग कांटा से अम्बेडकर सर्किल | 2X3X2 | 10 | 351 | 473 | 37560 | 56760 |
| 4 | अम्बेडकर सर्किल से राणीसती | 2X3X2 | 29 | 351 | 458 | 35070 | 159384 |
| 5 | महामंदिर से रामलीला मैदान | 2X3X2 | 16 | 351 | 458 | 35070 | 87936 |
| 6 | बस डिपो तिराहे से डिपो तक | 2X3X2 | 4 | 351 | 639 | 65920 | 30672 |
| 7 | पिपराली रोड़ | 2X3X2 | 79 | 351 | 408 | 26580 | 386784 |
| 8 | राणीसती से रामलीला मैदान | 2X3X2 | 29 | 351 | 458 | 35070 | 159384 |
| 9 | ट्रांसपोर्ट नगर | 2X3X2 | 6 | 351 | 493 | 40960 | 35496 |
| 10 | पुलिया के उपर | 2X3X2 | 40 | 351 | 408 | 26580 | 195840 |
| 11 | कोर्ट के सामने | 2X3X2 | 9 | 351 | 628 | 63930 | 67824 |
| 12 | सुरजपोल गेट से कल्याण सर्किल | 2X3X2 | 50 | 351 | 675 | 71910 | 405000 |
| 13 | अस्पताल के पिछे | 2X3X2 | 11 | 351 | 508 | 43550 | 67056 |
| 14 | नवलगढ रोड़ | 2X3X2 | 68 | 351 | 408 | 26580 | 332928 |
| 15 | फतेहपुर रोड़ | 2X3X2 | 101 | 351 | 545 | 49950 | 660540 |
| 16 | नेहरू पार्क के पास | 2X3X2 | 25 | 351 | 369 | 19980 | 110700 |
| 17 | सांवली रोड़ | 2X3X2 | 105 | 351 | 416 | 27980 | 524160 |
| 18 | जयपुर रोड़ | 2X3X2 | 129 | 351 | 639 | 65920 | 989172 |
| 19 | पठान ऑटो सेन्टर के पास | 2X3X2 | 2 | 351 | 408 | 26580 | 9792 |
| 20 | मारू पार्क क अन्दर | 2X3X2 | 4 | 351 | 351 | 16990 | 16848 |



आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

| Total | | 760 | | | | 4643508 |
|---|---|---|---|---|---|---|

**Note :- Poll Kiosk की न्यूनतम बोली 4643508/– रू. रहेगी।**

## Hording Site Year 2017-18

| S. No | ALLOTED LOCATION | Per Hording Size sq. feet | No. of Hording | Last year base price | Present base price based on DLC Rs | Present DLC Rate Rs. | Price of site based on present base price (Proposed) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | INDRA NAGRA DEVIPURA | 10X20 | 4 | 383 | 481 | 37560 | 384800 |
| 2 | RAILWAY STATION | 10X20 | 2 | 383 | 643 | 67910 | 257200 |
| 3 | RAILWAY STATION SULB TOILET | 10X20 | 1 | 383 | 643 | 67910 | 128600 |
| 4 | RAILWAY STATION REN BASERA | 10X20 | 2 | 383 | 643 | 67910 | 257200 |
| 5 | RSRTC BUS DEPOT | 10X20 | 3 | 383 | 483 | 37950 | 289800 |
| 6 | ITI COLLEGE GROUND | 10X20 | 3 | 383 | 499 | 40960 | 299400 |
| 7 | KRISHI MANDI GATE | 10X20 | 4 | 383 | 630 | 65920 | 504000 |
| 8 | BAJAJ CIRCLE | 10X20 | 2 | 383 | 630 | 65920 | 252000 |
| 9 | OPPPSITE SK HOSPITAL | 10X20 | 3 | 383 | 643 | 67910 | 385800 |
| 10 | PIPRALI ROAD POWER HOUSE | 10X20 | 4 | 383 | 423 | 26580 | 338400 |
| 11 | NAWALGARH PULIYA | 10X20 | 8 | 383 | 423 | 26580 | 676800 |
| 12 | DAAK BUNGALOW | 10X20 | 2 | 383 | 620 | 63930 | 248000 |
| 13 | FATEHPUR ROAD MARU SCHOOL | 10X20 | 2 | 383 | 599 | 59920 | 239600 |
| 14 | FATEHPUR ROAD CHUNGI | 10X20 | 2 | 383 | 514 | 43950 | 205600 |
| 15 | SALASAR ROAD FIRE OFFICE KE SAMNE | 10X20 | 3 | 383 | 388 | 19980 | 232800 |
| 16 | NWALGARH ROAD SHYAM NAGAR | 10X20 | 1 | 383 | 383 | 18990 | 76600 |
| 17 | NWALGARH ROAD VIVEK NAGAR | 10X20 | 1 | 383 | 383 | 18990 | 76600 |
| 18 | JAIPUR ROAD SHAHEED SMARAK | 10X20 | 1 | 383 | 472 | 35960 | 94400 |
| 19 | JAIPUR ROAD GOVT SCHOOL | 10X20 | 1 | 383 | 410 | 24180 | 82000 |
| 20 | NAWALGARH ROAD SULABH TOILET | 10X20 | 1 | 383 | 423 | 26580 | 84600 |
| 21 | KRISHI UPAJ MANDI SULABH COMPLEX | 10X20 | 1 | 383 | 630 | 65920 | 12600 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total | 10X20 | 51 | | | | | 51,26800 |

**Note :- Hording** की न्यूनतम बोली 5126800/— रू. रहेगी।

## Gamla Advertisement Year 2017-18

| S.No | ALLOTED LOCATION | Per Hording Size sq. feet | No. of Hording | Last year base price | Present base price based on DLC Rs | Present DLC Rate Rs. | Price of site based on present base price (Proposed) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर रोड़ | 2.5x3x2 | 163 | 351 | 439 | 49950 | 1073355 |
| 2 | पिपराली रोड़ | 2.5x3x2 | 165 | 351 | 351 | 26580 | 868725 |
| 3 | नवलगढ़ रोड़ | 2.5x3x2 | 88 | 351 | 351 | 26580 | 463320 |
| 4 | कोर्ट रोड़ | 2.5x3x2 | 43 | 351 | 492 | 63930 | 317340 |
| 5 | बजरंग कांटा से रानी सती रोड़ | 2.5x3x2 | 170 | 351 | 393 | 37560 | 1002150 |
| 6 | स्टेशन रोड़ | 2.5x3x2 | 175 | 351 | 507 | 679100 | 1330875 |
| | Total | | 804 | | | | 5055765 |

**Note :- Gamla Advertisement** की न्यूनतम बोली 5055765/— रू. रहेगी।

इसमें मैन रोड़ की दरें निर्धारित की गई हैं। यह दरें मैन रोड़ से अन्दर की सड़कों पर 50 मीटर तक लागू रहेंगी इससे आगे की डी.एल.सी. अनुसार लागू की जावेगी। किसी क्षेत्र में दर निर्धारण/जुर्माना निर्धारण डी.एल.सी. दर अनुसार ही लागू किया जावेगा, जिससे कि Base DLC दर पोल कियोस्क एवं गमले की 16990/— एवं होर्डिंगस की 18990/— को मानी जावेगी।

दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान/निवास आदि अपने दुकान प्रतिष्ठान के बाहर केवल दुकान के नाम कार्य संबंधी विवरण ही अंकित कर सकेंगे व इस हेतु दुकान/प्रतिष्ठान के बाहर 10 Sq.ft. area तय किया जाता है। व इसके अतिरिक्त क्षेत्र पर पोस्टर लगाने, या दिवार/सार्वजनिक सम्पति को गन्दा करने या किसी भी कम्पनी के प्रचार–प्रसार, पोस्टर लगाने, बैनर लगाने या कियोस्क लगाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जा जावेगी। जिसका निर्धारण कमेटी द्वारा किया जावेगा, इसके अतिरिकत निजी सम्पति से प्रचार –प्रसार करने व पोस्टर लगाने तथा विज्ञापन के उदेश्य से टीवी/एल.ई.डी./एल.सी.डी. डिस्पले बिना अनुमति के लगाये जाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। सजा/जुर्माने की कार्यवाही के तौर पर सम्पति विरूपण अधिनियम की कार्यवाही के अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा उस क्षेत्र हेतु होर्डिंग्स/पोल कियोस्क हेतु प्राप्त की गई बोली अनुसार ही जुर्माना Per Sq. Fit तयकर लगाया जावेगा। होर्डिंग्स/गमला/पोल कियोस्क हेतु बोली आमंत्रण पश्चात यदि उचित दर प्राप्त नहीं होती है तो इस हेतु दर निर्धारण कमेटी (अधिशाषी अभियन्ता, लेखाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी) का गठन किया जाना प्रस्तावित है। कमेटी (अधिशाषी अभियन्ता, लेखाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी) द्वारा दर का पुर्नअवलोकन किया जा

सकेगा एवं इस हेतु कमेटी स्पष्ट कारण अंकित कर नगर परिषद हित में निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। नगर परिषद द्वारा होर्डिंग्स/गमले/पोल कियोस्क की आईडी जारी किया जाना भी प्रस्तावित ताकि इसकी प्रभावी मोनटरिंग की जा सकें।

उपरोक्त प्रस्ताव सदन के समक्ष चर्चा एवं विचार–विमर्श हेतु रखा गया।

❖ **श्री चांद खां मुगल, पार्षद द्वारा सदन के समक्ष शहर के मुख्य मार्गो पर सांकेतिक/साईन बोर्ड लगाने का सुझाव दिया गया।**

इस पर सदन द्वारा विचार–विमर्श किया गया एवं बाद विचार–विमर्श सर्वसम्मत्ति से निर्णय लेकर उपरोक्त प्रस्ताव को पूर्ण रूप से पारित किया गया इसके अतिरिक्त निर्णय लिया गया कि शहर में विज्ञापन से प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न पीपीपी मोड पर या अन्य मोड पर करवाने हेतु शहर के मुख्य मार्ग जैसे कि स्टेशन रोड़, सिल्वर जुबली, पिपराली रोड़, जयपुर रोड़, फतेहपुर रोड़, बहड़ मार्ग, नवलगढ़ रोड़, बजाज रोड़, राणी सती रोड़ पर चन्दपुरा रोड़ पर आधुनिक विज्ञापन लगाने व सांकेतिक/साईन बोर्ड के प्रस्तावों की स्वीकृति मण्डल स्तर पर प्रदान की जाती है तथा आगामी कार्यवाही हेतु सभापति एवं आयुक्त को अधिकृत किया जाता है।

**बिन्दु संख्या 12 – सीकर शहर को ट्रैफिक दबाव के कारण आये दिन लगने वाले जाभ से मुक्त करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विचार–विमर्श एवं निर्णय :–**

सभापति महोदय द्वारा प्रस्ताव सदन के समक्ष रखते हुए अवगत कराया कि सीकर शहर में पूर्व में वाहनों की संख्या कम थी तथा सड़क की चौडाई भी ज्यादा थी। शहर के सभी क्षेत्रों में अवस्थित पुरानी हवेलियों/मकानों के बाहर स्थित चबुतरों, बरामदों पर दूकानों का निर्माण कर व सड़कों पर चबुतरा/सिढ़िया/रैम्प उतारकर, दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखकर स्थाई/अस्थाई अतिक्रमण कर लिया है, जिससे पुरानी बिल्डिंग लाईन को ही बदल दिया है, जिससे एक ही रास्ते ही अलग अलग स्थानों पर अलग–अलग चौड़ाई नजर आती है। इससे शहर के सौन्दर्य पर तो बुरा प्रभाव पड़ा ही है साथ ही मार्ग पर एक भी वाहन रूक जाने पर या किसी दूकानदार द्वारा सामान की लोडिंग/अनलोडिंग के दौरान सम्पूर्ण मार्ग पर जाम लग जाता है। जाम की समस्या लगातार रहने पर आपात व्यवस्थाओं पर भी असर पड़ रहा है, जिससे जान–माल के नुकसान की आशंका बनी रहती है। सड़कों पर अतिक्रमण कर कई व्यक्तियों/लोगों द्वारा गुमराह कर या अन्य कारणों से गलत निर्माण स्वीकृतियां भी प्राप्त की है। इस कारण शहर के पुराने/चारदीवारी सहित बाहरी क्षेत्र भी ट्रैफिक के अत्यन्त दबाव को झेल रहा है। इस कारण न तो ट्रैफिक सुगमता से चल पा रहा है व न ही आमजन सुगमता से आवागमन कर पाता है। इस हेतु शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने हेतु शहर के अत्यधिक दबाव वाले क्षेत्रों का अध्ययन व चिन्हीकरण कर सड़कों पर व्याप्त, अस्थाई अतिक्रमण व स्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अमल में लाने, नियम विरूद्ध निर्माण एवं स्वीकृतियो पर भी कार्यवाही अमल में लाने, वैकल्पिक व्यवस्थाओं की उपलब्धता करवाने हेतु तथा बाजार क्षेत्र में व्याप्त पार्किंग की समस्या पर चर्चा कर आधुनिक विकल्पों का उपयोग करने हेतु प्रस्ताव सुझावों एवं विचार विमर्श हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

व्यक्ति आदि) का गठन कर वृहद् स्तर पर प्रस्ताव अनुसार कपड़े के कैरी बैग्स वितरित किये जाने व प्लास्टिक की रोकथाम हेतु प्रस्तावानुसार ईनाम राशि देने की कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त पार्षद महानुभावों द्वारा निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए :–

- **पार्षद वार्ड नं. 11 श्री मुबारिक रंगरेज द्वारा वार्ड नं. 11 में स्थित पालना डिस्पेन्सरी को अनुदान देने का प्रस्ताव दिया गया।**
- **पार्षद वार्ड नं. 12 रूबीना बानों द्वारा नगर परिषद कर्मचारी श्री कुम्भाराम द्वारा पार्षद पति से की गई धक्का–मुक्की के लिए कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव दिया जिस पर सभापति महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि संबंधित कर्मचारी तथा पार्षद पति से जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जावेगी।**
- **पार्षद वार्ड नं. 21 श्रीमती सुमित्रा माउका द्वारा पुराने अजमेर बस स्टेण्ड पर सर्किल बनाने का प्रस्ताव दिया गया।**
- **पार्षद वार्ड नं. 33 श्री रविकांत तिवाड़ी द्वारा सीताराम ढ़िकिया को एल0ए0 पद पर पदोन्नत करने का प्रस्ताव दिया।**
- **पार्षद वार्ड नं. 36 श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा बसंत विहार में पार्क निर्माण व वार्ड नं. 36 व 37 में पेच वर्क कार्य करवाने का प्रस्ताव दिया।**
- पार्षद वार्ड नं. 37 श्रीमती प्रेमचंद सैनी द्वारा वार्डो में हो रहे विकास कार्यो के दौरान पार्षदों की भूमिका तय कर निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पार्षदों की सहमति लेने का प्रस्ताव दिया तथा फ्रेन्ड्स होटल से सर्किट हाउस तक नाला निर्माण प्रस्ताव दिया।
- वार्ड नं. 44 पार्षद कु0 साधना चौधरी द्वारा वार्ड नं. 44 व सीकर शहर में यातायात अवरूद्ध होने, स्ट्रीट वायर डलवाने तथा वार्ड नं. 43, 44, 45 तथा 47 तथा दोनों रेलवे लाईनों के बीच पानी की निकासी हेतु प्रस्ताव दिया।
- वार्ड नं. 47 पार्षद श्री मो0 जावेद चौहान द्वारा जगमालपुरा अक्शा मस्जिद कब्रिस्तान में एलईडी हाईमास्ट लगाने का प्रस्ताव दिया तथा फतेहपुर रोड़ पर आई0के0 सेल्स से आई0पी0 अस्पताल तक नाला सफाई कर कवरिंग का प्रस्ताव दिया।
- **वार्ड नं. 50 पार्षद परवीन बानों द्वारा फतेहपुर रोड़ पर बने डिवाईडर पर रोड़ लाईट लगवाने व सबलपुरा तिराहे पर सर्किल बनाकर हाईमास्ट लगाने का प्रस्ताव दिया।**

उपरोक्त प्रस्तावों पर सभापति महोदय द्वारा कहा गया कि बजट प्रावधानों, कार्य की आवश्यकता एवं प्रथमिकता व नियमों के परिपेक्ष में गुण–दोष के आधार पर कार्यवाही की जावेगी।

इसके पश्चात् सधन्यवाद बैठक कार्यवाही विसर्जित की गई।

(जीवण खां)
सभापति
नगर परिषद, सीकर

(बीएल सोनी)
आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :– नपसी / बोर्ड शाखा / 2016–17 / 1069–1136 दिनांक :– 20/2/2017

1. माननीय श्री सुमेधानन्द जी सरस्वती, सांसद, सीकर, वैदिक आश्रम पिपराली, सीकर
2. माननीय श्री रतनलाल जी जलधारी, विधायक, सीकर, डोलियों का बास, सीकर
3. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, सीकर
4. श्रीमान् निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर
5. श्रीमान् उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर
6. सभापति महोदय, नगर परिषद, सीकर
7. उपसभापति, नगर परिषद, सीकर
8. समस्त पार्षदगण, नगर परिषद, सीकर
9. अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद, सीकर
10. लेखाधिकारी, नगर परिषद, सीकर
11. राजस्व अधिकारी, नगर परिषद, सीकर
12. सहायक अभियन्ता, (निर्माण), नगर परिषद, सीकर
13. सहायक अभियन्ता, (विद्युत), नगर परिषद, सीकर
14. उद्यान अधीक्षक, नगर परिषद, सीकर
15. कार्यालय सहायक, नगर परिषद, सीकर
16. संबंधित शाखा, नगर परिषद, सीकर

(बीएल सोनी)
आयुक्त
नगर परिषद, सीकर